शिंदे ने स्वतंत्रता संग्राम, राज्य की सुन्दरता दिखाने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखायी

मुंबई, 15 अगस्त (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष मेट्रो ट्रेन 'आजादी एक्सप्रेस' को सोमवार को हरी झंडी दिखायी। सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'आजादी एक्सप्रेस' मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमडीआरए) और बृहन्मुंबई मेट्रो संचालन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत उठाया गया कदम है। विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) के रंग में रंगी विशेष मेट्रो ट्रेन पर छत्रपति शिवाजी महाराज, ऐतिहासिक किलों और राज्य के स्मारकों की तस्वीरें दर्शायी गई हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, यह मेट्रो ट्रेन मेट्रो लाइन 2ए और 7 पर चलेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव भूषण गगरानी ने बताया कि आजादी एक्सप्रेस स्वतंत्रता संग्राम की यादों और महाराष्ट्र की सुन्दरता को दिखाती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को इनकी सुचिता बनाए रखनी चाहिए। एमएमआरडीए मेट्रोपॉलिटन आयुक्त एस. वी. आर. श्रीनिवास ने कहा, "आजादी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा में 18 फेरे जोड़ेगा, यह ट्रेन कुल 172 ट्रिप लगाएगी। इसके कारण दो ट्रिप के बीच का समय 12 मिनट से घटकर 10 मिनट रह जाएगा, जिससे यात्रियों को लाभ होगा।"

Article link- https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/mumbai/other-news/shinde-flagged-off-a-metro-train-showing-the-beauty-of-the-freedom-struggle-state/articleshow/93576254.cms